# 124 ग्राम पंचायतों में होगी गुलाबी सुण्डी रोग प्रबंधन पर कार्यशाला : अमर सिंह

- बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी रोग प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित
- कृषि विभाग ने निरीक्षकों की टीम बनाकर लिए बीटी कपास के 70 नमूने



बीटी कपास में गुलाबी सुण्डी रोग प्रबंधन पर आयोजित कार्यशाला को संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने संबोधित किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीटी कॉटन में गुलाबी सुण्डी रोग नियंत्रण विषय पर मंगलवार को कृषि कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने कहा कि बीटी कॉटन में लगने वाले गुलाबी सुंडी रोग से बचाव के लिए किसानों को इस रोग के प्रकोप के निगरानी, नियंत्रण के संबंध में विशेष जानकारी फील्ड फक्शनरीज द्वारा दी जाए और उन्हें जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि किसान अज्ञात स्त्रोत द्वारा प्राप्त कपास की किसी भी किस्म के बीज की बुवाई ना करें। नकली बीज की रोकथाम के लिए कृषि विभाग द्वारा कमेटी गठित कर समय-समय पर बीज विक्रेताओं का निरीक्षण कर रही है। अब तक 70 नमूने लिए जा चुके हैं। अमानक पाये जाने पर नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

चौधरी ने कहा कि कृषि विभाग की टीम फील्ड विजिट करें और किसानों से फसलों का फीडबैक लें। उन्होंने सहायक निदेशक कृषि को भी गुलाबी सुण्डी के प्रबंधन हेतु जागरूकता लाने के लिए काश्तकारों एवं कपास विक्रेता कंपनियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए।

जिससे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आगामी कपास फसलों में गुलाबी सुण्डी के प्रकोप को समाप्त कर फसलों को व्यापक नुकसान से बचाया जा सके। सहायक निदेशक भैराराम गोदारा ने कहा कि कॉटन की बुवाई से पूर्व प्रारम्भ हो चुकी है। कॉटन जिनिंग मिलों के मालिक तथा कृषक को बीटी कॉटन के अवशेष प्रबंधन के लिए जिनिंग उपरान्त अवशेष सामग्री को नष्ट करें। बीटी कॉटन की लकड़ियों का प्रबंधन सही तरीके से करें ताकि गुलाबी सुण्डी के प्रकोप को शुरूआती अवस्था में रोका जा सके।

सहायक निदेशक अमर सिंह गिल ने बताया कि जिले में 30 मई तक 124 ग्राम पंचायत में गुलाबी सुण्डी के नियत्रंण व प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कृषकों को गुलाबी सुण्डी के प्रबंधन विषय पर नि:शुल्क पम्पलेट व साहित्य वितरण किया जायेगा। उन्होंने कृषकों, विक्रेताओं एवं फील्ड स्टाफ से आगामी कार्यशालाओं में अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आव्हान किया।

राशि सीड्स के संतोष नायक ने गुलाबी सुण्डी के कॉटन की फसल को होने वाले नुकसान एवं कीट के जीवन चक्र की विभिन्न अवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भण्डारित कपास को ढक कर रखें, जिससे गुलाबी सुण्डी के पतंगे खेतों में फसल पर अण्डे नहीं दे सकें। उन्होंने बताया कि जिले में जलवायु परिवर्तन, बढ़ते तापमान के कारण नमी के काम होने से व जिनिंग मिलों में रेशों एवं बिनौला निकाले के लिए लाये गये कच्चे कपास से गुलाबी सुंडी का प्रभाव अधिक होता है। इसलिए जिनिंग मिल मालिकों द्वारा कपास की अवशेष सामग्री को समय पर नष्ट किया जाना आवश्यक है।

कृषि अधिकारी महेन्द्र प्रताप ने बताया कि कृषि एवं उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक किसान भाई राज किसान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कीट नियंत्रण के लिए रसायनिक कीटनाशक की भी जानकारी दी। कार्यशाला में कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों, बीटी कॉटन उत्पादक कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला का संचालन कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने किया।

वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण सुदृढीकरण हेतु आवश्यक बल दिया जा रहा है। इसी संदर्भ में डब्लयूएचओ ईकाई, बीकानेर के सहयोग से यहां मंगलवार को दूसरे दिन नोखा पंचायत समिति सभागार में नियमित टीकाकरण के सुदृढीकरण को लेकर ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डब्लयूएचओ से सर्विलाइन्स मेडिकल ऑफिसर डॉ अनुरोध तिवारी द्वारा पांचू ब्लॉक के समस्त चिकित्सा अधिकारी, सेक्टर हेल्थ सुपरवाईजर, एलएचवी व एएनएम को नियमित टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ लेखराम भाटी द्वारा नोखा खण्ड में वर्तमान में हो रहे नियमित टीकाकरण की स्थिति पर चर्चा की।

## फुटबॉल समर कैम्प 20 मई से

**बीकानेर,**(कासं)। मास्टर मंगलचंद खरखोदिया मेमोरियल फाउंडेशन एंव मास्टर बच्ची कलब फुटबॉल समिति के संयुक्त तत्वावधान में फुटबॉल समर कैम्प का आयोजन 20 मई से किया जायेगा।

मास्टर मंगलचंद खरखोदिया मेमोरियल फाउंडेशन के कैलाश खरखोदिया ने बताया कि यह समर कैम्प 15 दिनों तक स्थानीय पुष्करणा स्टेडिम में चलेगा। जिसका समय सुबह 6:00 से 8:00 बजे तक रहेगा। बच्ची क्लब समिति सचिव एवं जिला फुटबाल संघ अध्यक्ष भरत पुरोहित ने बताया कि बच्ची क्लब फुटबॉल समिति पिछले 30 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर रूप से इस फुटबॉल समर कैम्प का आयोजन निशुल्क पुष्करणा स्टेडियम में आयोजित करती आ रही है।

पिछले कई वर्षों से मास्टर मंगलचंद खरखोदिया मेमोरियल फाउंडेशन अपनी सकारात्मक भागीदारी निभा रहा है और बच्चों को प्रोत्साहित कर रहा है। मंगलचंद खरखोदिया मेमोरेबल फाउंडेशन के मदनलाल खरखोदिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्लब के बच्चों को सुबह दूध व चना देगी एवं फाइनल दिन सर्टिफिकेट, प्रोत्साहन स्वरूप प्राइज आदि देगी। जिला फुटबाल संघ उपाध्यक्ष रहमत अली ने बताया कि इस बार कैम्प में गर्ल्स के भी कैम्प लग रहे हैं। यह एक अच्छी सोच है। रहमत अली ने बताया कि भरत पुरोहित एवं उनकी टीम द्वारा फुटबॉल को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास है। प्रशिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं बुंदेला सिंह, महावीर शर्मा, त्रिभुवन ओझा, शिवकुमार शर्मा, देवेंद्र पुरोहित, आशीष किराडू, कमरूद्दीन आदि देंगे।

# मुखबिर तंत्र को मजबूत करने के लिए पुलिस की कोशिश बेमानी!

36-बीट कांस्टेबल व थानाधिकारियों के नम्बर सहित मुखबिर तंत्र के मामले में पिछड़ी पुलिस व्यवस्थायें

- आमजन को पता ही नहीं है कि उनके क्षेत्र का बीट कांस्टेबल कौन है, वारदात होने पर सूचना किसे दें

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस और अपराधियों के बीच लुका-छिपी के खेल में आमजन हमेशा से महत्वपूर्ण कड़ी साबित होता रहा है। खासतौर से मुखबिर तंत्र की मजबूती के मामले में। इस प्रक्रिया में बीट कांस्टेबल से लेकर बड़े अधिकारियों तक फोन नंबरों के माध्यम से लोगों की पहुंच अहम साबित हो रही है। यह फोन नंबर चौकी-थानों के अलावा महत्वपूर्ण चौक-चौराहों तक पर प्रमुखता से प्रदर्शित होते रहे हैं। लेकिन फिलहाल सारी व्यवस्था तहस-नहस है।

दरअसल इस समय हालात यह हैं कि आमजन को पता ही नहीं है कि उनके क्षेत्र का बीट कांस्टेबल कौन है। वारदात होने पर सूचना किसे दें। इसका कारण जिले में पुलिस महकमे में हुआ बदलाव है। बदलाव हुआ तो थाना अधिकारी से लेकर बीट कांस्टेबल तक बदले। लेकिन परिवर्तित नंबर अधिकांश स्थानों पर बदले नहीं जा सके हैं। नतीजे में जनता और पुलिस के बीच दूरियां बढ़ रही हैं। सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए पुलिस की ओर से की गई यह कोशिश फिलहाल बेमानी साबित हो रही।

वर्तमान हालात यह हैं कि अधिकांश जगह पर बीट कांस्टेबल, थानाप्रभारी के नाम नंबर या तो अंकित ही नहीं हैं। जहां थे, वहां भी मिट चुके हैं। पुलिस प्रशासन ने दोबारा लिखवाने की जहमत तक नहीं उठाई। जहां लिखे मिल रहे हैं, वहां थाना प्रभारी, अधिकारी, बीट कांस्टेबल के तबादले हो चुके हैं। इनमें कई तो निजी नम्बर अंकित किए हुए हैं, जिन पर फोन करने पर जनता को ऊंट-पटांग जवाब ही मिलता है।

ऐसे हालात में किसी तरह की वारदात होने पर पुलिस को सूचना समय पर नहीं मिल पाती। पुलिस के नेटवर्क का मौखल उड़ाता है, सो अलग। आमजन के पुलिस से सीधे जुड़ाव का यह ढर्रा टूटते ही पुलिस की बीट कांस्टेबल व्यवस्था चरमरा सी गई है। दूसरी ओर जिले में अपराध व तस्करी जोरों पर है। चोरी, लूट, नकबजनी व राहगीरों से छीना-झपटी की वारदातें बढ़ रही है।

## बीकाणा में पारा 42 डिग्री पहुंचा

**बीकानेर,** (कासं)। पश्चिमी राजस्थान का रेगिस्तानी इलाका जितना जल्दी ठंडा होता है, उतना ही जल्दी गर्म भी हो जाता है। अप्रैल माह तक सब कुछ ठीक-ठाक गुजरा, किंतु मई माह के शुरू होने के साथ ही गर्मी के तेवर तीखे हो गए है। आलम ये है कि तल्ख गर्मी व हीट-वे की वजह से मई के पहले सप्ताह में सड़कों पर कर्फ्यू का आलम है।

यूं तो पूरे राजस्थान में गर्मी सता रही है। किंतु मंगलवार को बीकाणा का अधिकतम तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया। यह तो वातानुकूलित व कूलर व पंखों वाले कमरों का हाल है। जबकि सड़कों पर तो सन्नाटा परसने लगा है।

बीकाणा में मंगलवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। अधिकतम व न्यूनतम तापमान के बीच के अन्तर से ही गर्मी का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

# दो ईनामी अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़े

- नकली बिग लगवाकर राजस्व अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी 2023 परीक्षा में नकल कराने में वांछित था सुनील बिश्नोई
- उस पर 25 हजार का ईनाम था

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस की साइबर सेल ने जेएनवी तथा गंगाशहर पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए ईनामी बदमाशों को दस्तयाब किया है।

पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम के सुपर विजन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दीपक शर्मा के निर्देशन में दो ईनामी अपराधियों को दस्तयाब किया है। नकल माफिया तुलसाराम कॉलेर के साथ मिलकर भर्ती परीक्षा में सिर पर नकली बिग लगवाकर राजस्व अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी 2023 परीक्षा में नकल का प्रयास करवाने वाला 25000 हजार रूपए का इनामी प्रकरण के मुख्य अपराधी सुनील बिश्नोई पुत्र उमेदा राम निवासी केलनसर, बाप जोधपुर जो पुलिस थाना गंगाशहर, नयाशहर में नकल के 3 प्रकरणों में फरार था। उसको दस्तयाब किया। वहीं जयपुर पुलिस का 5000 रूपए का पोक्सो प्रकरण में इनामी अमर सिंह पुत्र केशव दास निवासी बीकानेर (वर्ष 2022 से पुलिस थाना मानसरोवर, जयपुर दक्षिण के पोक्सो प्रकरण में फरार था। शातिर तरीके से पिछले 2 साल से निकाल रहा था। फरारी वांछित इनामी अपराधियों को दस्तयाब किया है। हमेशा की तरह इस कार्रवाई में साइबर सेल के दीपक यादव की भूमिका प्रमुख रही है।

# गेहूं के भावों में आई तेजी, मंडी में आवक

- गेहूं का औसत भाव 2405 रूपए प्रति क्विंटल रहा जबकि अच्छी गुणवत्ता का गेहूं 2932 रूपए प्रति क्विंटल तक बिका

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्रीगंगानगर क्षेत्र में इस बार गेहूं की बंपर उत्पादन हुआ है। अनाज मंडियों में गेहूं की आवक भी अच्छी बनी हुई है। इन दिनों बाजार में गेहूं के भाव में तेजी आई है

भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई)व अन्य खरीद एजेंसियां गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 व 125 रुपए बोनस सहित 2400 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद कर रही है। जबकि बाजार में गेहूं के भाव में तेजी आई। व्यापारी भी बाजार में अच्छा गेहूं खरीद रहे हैं।

कृषि उपज मंडी समिति अनाज श्रीगंगानगर के सचिव सूबसिंह रावत के अनुसार नई धानमंडी श्रीगंगानगर में गेहूं का औसत भाव 2405 रुपए प्रति क्विंटल रहा और न्यूनतम भाव 2021 रुपए रहा। जबकि अच्छी गुणवत्ता का गेहूं 2932 रूपए प्रति क्विंटल तक बिका है। नई धानमंडी में कृषि जिंसों में गेहूं, सरसों, जौ व चना आदि की 50 से 60 हजार क्विंटल आवक हो रही है। साथ ही व्यापारी प्रतिदिन 70 हजार कट्टे और एफसीआई 40 हजार कट्टे तक गेहूं का उठाव कर रही है।

## मारपीट का मामला दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। यहां सदर थाना क्षेत्र में चौतीना कुआं स्थित आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में तोड़फोड़ कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला परिवादी की रिपोर्ट पर सात जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

परिवादी चौतीना कुआं निवासी शोभा सारस्वत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपियों ने एकराय होकर उसके आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में तोड़फोड़ की तथा वहां मौजूद धनंजय के साथ मारपीट की तथा उससे रूपए व चैन छीनकर ले गए। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट पर बिग्गा बास निवासी आदित्य तावणियां, आडसर निवासी विजयपाल, डांडूसर निवासी प्रदीपदान चारण, जीतूदान, कालूबास निवासी हेमंत शर्मा, लालंचद व कोच नितिन व श्वेता के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, नीचे दबने से महिला की मौत

- गुने से लदी ओवरलोड ट्रॉली आवारा पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गई

**बीकानेर,** (कासं)। मंगलवार को ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी महिला पर पलट जाने तथा नीचे दबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

दरअसल मामला अनूपगढ़ का है। जहां गुने से लदी ओवरलोड ट्रॉली आवारा पशु को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। ट्रोली के पहिए के नीचे महिला आ जाने की वजह से वह घायल हो गई। उसको तुरंत अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। दरअसल हादसा गांव 15 ए का है। जहां मंगलवार को बस स्टैण्ड पर खड़ी इसी गांव की सुनीता बस का इंतजार कर रही थी। बताया जा रहा है कि आवारा पशु को बचाने के चक्कर में ट्रोली अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई तथा वहां खड़ी सुनीता पर चढ़ गई।

हादसे के बाद ट्रैक्टर को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास खड़े लोगों ने दो लोडर मंगवाकर करीबन एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रोली के नीचे दबी सुनीता को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

**अस्पताल से सामान चोरी :** ग्रामीण अंचल के अस्पताल भी वातानुकूलित होने के साथ हाईफाई होने लगे है। किंतु चोरों पर किसका जोर चलता है। बीकानेर के ग्रामीण अंचल की अस्पताल से चोर दो एसी, कूलर व सीसीटीवी कैमरा ले उड़े। मामला जिले के कालू कस्बे के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का है। अस्पताल प्रभारी डॉ जितेन्द्र रॉयल ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि अज्ञात चोर अस्पताल में लगे दो एसी, कूलर व सीसीटीवी कैमरा चोरी कर ले गए।

# रियासतकालीन सिक्कों एवं बैंक चैक प्रदर्शनी से इतिहास की मिलेगी जानकारी : ए.डी.एम.

- महाराजा गंगासिंह के कार्यकाल के सिक्कों, पुराने स्टाम्प पेपर, बीकानेर रियासत के 1907 एवं इसके बाद के चैक अवलोकन के लिए प्रदर्शित किए



समारोह के अतिथि डॉ दुलीचंद मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने रियासतकालीन सिक्कों एवं बैंक चैक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर नगर के 537वें स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान राज्य अभिलेखागार द्वारा बीकानेर रियासत के सिक्के, कोर्ट स्टाम्प पेपर, तलबाना टिकट, बीकानेर रियासत के चैक की दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ राजस्थान राज्य अभिलेखागार परिसर में मंगलवार को हुआ। उद्घाटन समारोह के अतिथि डॉ दुलीचंद मीना, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) थे।

प्रदर्शनी में भारत भूषण गुप्ता द्वारा संकलित बीकानेर के महाराजा गजसिंह, रतनसिंह, सूरतसिंह, सरदार सिंह एवं महाराजा गंगासिंह के कार्यकाल में जारी विभिन्न सिक्कों, पुराने कोर्ट स्टाम्प पेपर, बीकानेर रियासत के 1907 एवं इसके बाद के चैक, सन् 1902 में रानी विक्टोरिया के समय में बीकानेर आये डाक के लिफाफे एवं पोस्टर कार्ड आदि अवलोकन के लिए प्रदर्शित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ने कहा कि प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को बीकानेर के इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी।

उन्होंने भारत भूषण गुप्त द्वारा संकलित सिक्कों और चैक के संकलन को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने स्कूली विद्यार्थियों के सफलता के टिप्स दिए और मातृभूमि से जुड़े रहने का आव्हान किया। बीकानेर बॉयज स्कूल के विद्यार्थियों तथा आगंतुकों ने अभिलेख संग्रहालय एवं प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। अभिलेखागार निदेशक डॉ. नितिन गोयल ने सिक्कों के ऐतिहासिक संग्रह के लिए भारत भूषण गुप्ता की प्रशंसा की।

## दादर-बीकानेर ट्रेन का लालगढ़ तक विस्तार

**बीकानेर,** (कासं)। रेलवे द्वारा बीकानेर-दादर-बीकानेर रणकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का लालगढ़ स्टेशन तक 30.06.24 तक अस्थाई विस्तार किया जा रहा है।

साथ ही सूरतगढ़-जयपुर एक्सप्रेस रेलसेवा का मार्ग के स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन भी किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 14708, दादर-लालगढ रणकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 10.05.24 से दादर से 12.35 बजे रवाना होकर अगले दिन बीकानेर स्टेशन पर 11.30 बजे आगमन व 11.40 बजे प्रस्थान कर 12.05 बजे लालगढ स्टेशन पहुंचेगी।

गाडी संख्या 14707, लालगढ-दादर रणकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा जो दिनांक 10.05.24 से लालगढ से 08.05 बजे रवाना होकर बीकानेर स्टेशन पर 08.20 बजे आगमन होगा।

## सार-समाचार

### नेत्र रोगियों को काले चश्मे भेंट



वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति ने पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में रोगियों को काले चश्में भेंट किए।

**बीकानेर,** (कासं)। पर्यावरण और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति द्वारा पीबीएम चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में मोतियाबिंद और अन्य नेत्र रोगियों के लिए अति आवश्यक काले चश्मे निशुल्क भेंट किए जाने का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को समिति के सदस्यों द्वारा पीबीएम नेत्र रोग चिकित्सालय में विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर और अन्य स्टाफ को 600 काले चश्मे सप्रेम भेंट किए गए। समिति के वरिष्ठ सदस्य पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित ने बताया कि नेत्र चिकित्सालय में रोगियों के लिए काले चश्मों की भारी मांग को देखते हुए समिति द्वारा वर्ष पर्यन्त इनकी निशुल्क आपूर्ति का कार्य हाथ में लिया गया है और भामाशाहों के सहयोग से अब तक कुल 4300 चश्मे भेंट किए जा चुके हैं। इस अवसर पर पूर्व पार्षद उम्मेद सिंह राजपुरोहित के साथ समुन्द्र सिंह राठौड़, श्याम सिंह हाडला, विजय सिंह पड़िहार, अजय खत्री, दृष्टि आचार्य, शंकरलाल मेहरा, मदन मोदी इत्यादि समिति सदस्य उपस्थित थे। नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. जयश्री मुरली मनोहर और स्टाफ ने इस पुनीत कार्य के लिए समिति का आभार व्यक्त किया।

### भवन निर्माण कर्मकारों की बैठक



गंगानगर कलेक्टर लोकबंधु ने भवन एवं संनिर्माण कर्मकार टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक ली।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। भवन एवं संनिर्माण कर्मकार टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न निर्माण कार्य करवाने वाले निर्माता ठेकेदारों व कॉलोनाइजर्स आदि को निर्माण कार्य की एवज में एक प्रतिशत राजकोष में जमा करवाने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका और नगर परिषद, यूआईटी, पीडब्लयूडी, आरएसआरडीसी आदि विभागों के क्षेत्राधिकार में कार्यरत ठेकेदारों का नियमानुसार बीओसीडब्लयू एक्ट के तहत पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने श्रम विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिस विभाग से निविदा जारी होती है। उस कार्य की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। बैठक में नगर विकास न्यास सचिव कैलाशचंद्र शर्मा, नगर परिषद आयुक्तयशपाल आहूजा, उपश्रम आयुक्त अमरचंद लहरी एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जिला अस्पताल में स्टील की बैंच भेंट



गणेश दास रंगा और राधाकिशन पुरोहित की स्मृति में उनके परिजनों ने जिला अस्पताल में बैंचें भेंट की।

**बीकानेर,** (कासं)। स्व. गणेश दास रंगा और स्व. राधाकिशन पुरोहित की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा एसडीएम राजकीय जिला सैटेलाइट अस्पताल के नवगठित नवजात, शिशु एवं बालरोग आउटडोर में आने वाले बच्चों एवं उनके परिजनों के लिए स्टील की बैंच पीडिएट्रिक विभागाध्यक्ष एवं पूर्व अधीक्षक डॉ. प्रवीण चतुर्वेदी को सुपुर्द की। नितेश रंगा ने बताया कि परहित को सर्वोपरि मानते हुए यह पहल की गई है। एसडीएम राजकीय जिला अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए आभार जताया। इस मौके पर शिवकुमार रंगा, नितेश रंगा, अरुणा रंगा, शशिकला आचार्य, अविनाश रंगा मौजूद थे।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2024/208 **विज्ञप्ति** दिनांक : 07.05.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 3, 4, 7, 8 में भूखण्ड माप 3650 वर्गगज का व्यावसायिक पट्टा संख्या 9197 दिनांक 09.12.2010 द्वारा श्री विरेन्द्र राजपाल पुत्र श्री राधेश्याम राजपाल निवासी 82 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के नाम जारी है। उक्त भूमि का जरिये रजिस्ट्री खरीद कर ऑनलाईन नामान्तरण SGNR/FY22-23/MUT/169 दिनांक 09-06-2022 द्वारा श्री प्रभा हाईट्स प्राईवेट लिमिटेड श्रीगंगानगर जरिये डायरेक्टर श्री रमेश कुमार मकड़ पुत्र श्री दर्शन दास निवासी 604 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर के नाम जारी है। आवेदक द्वारा न्यास में आवेदित भूखण्ड का 5 हिस्सों में उपविभाजन हेतु आवेदन किया गया है। प्रार्थी द्वारा चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 3, 4, 7, 8 में दक्षिण दिशा में श्रीगंगानगर-हनुमानगढ 150 फीट चौड़ी सडक पर स्थित आवासीय रूपान्तरित यथाकुल भूखण्ड माप 3650 वर्गगज भूखण्ड की पश्चिमी सीमा जो किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन भी है, से पूर्व दिशा की ओर क्रमश: 40 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड माप 560.50 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 40 फीट दूरी छोड़ते हुये 40 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 703.69 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 80 फीट दूरी छोड़ते हुये 30 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 621.75 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 110 फीट दूरी छोड़ते हुये 30 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 702.34 वर्गगज), फिला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 140 फीट दूरी छोड़ते हुये जो कि किला नं. 3 में 25 फीट चौड़ाई में एवं किला नं. 4 में 15 फीट चौड़ाई जो आवेदित भूखण्ड की पूर्वी सीमा बनाती है यथा उपविभाजन हेतु आवेदित पूर्वी भाग की कुल 40 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 1061.72 वर्गगज) आवेदित है। कुल 5 भूखण्डों का उपरोक्तानुसार उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अत: उक्त वर्णित भूखण्ड के उपविभाजन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2024/2921 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 07.05.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इन्द्रजीत मोटा पुत्र श्री सुखदेव सिंह मोटा निवासी 40 विद्या विहार, चक 5 ई छोटी, नजदीक अंधविद्यालय, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्तानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 47 किला नं. 25 में माप 12.6 इंटू 50 फीट भूखंड सं. आरकेसी-12, पार्ट बी, श्रीगंगानगर | आवासीय नियमन पट्टा सं. 13109 दिनांक 4.1.2022 को श्री सतपाल पुत्र श्री बनवारी लाल एवं श्री सुरेन्द्र वर्मा पुत्र श्री भजन लाल के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है। | श्री इन्द्रजीत मोटा द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.03.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री इन्द्रजीत मोटा पुत्र श्री सुखदेव सिंह मोटा निवासी 40 विद्या विहार, चक 5 ई छोटी, नजदीक अंधविद्यालय, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

# बाल विवाह एक अभिशाप, जल ही जीवन है जैसे संदेश लिखी पतंगें उड़ेगी

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर नगर के 537 वें स्थापना दिवस पर नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बीकानेर शहर में जनहित में जारी संलोग्न लिखी पतंगें उड़ती नजर आयेगी।

चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने बताया कि मंगलवार को गांधी पार्क में पतंग का विमोचन टीवी कलाकार मुकेश सोनी, जान्हवी मोदी, ने किया। सोनी ने विमोचन करते हुऐ कहा कि हर मानव का कर्तव्य है कि वह स्वयं आगे आकर सामाजिक सरोकार कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें व देश व समाज सेवा करें। जान्हवी मोदी ने कहा बेटियों को पढा लिखाकर उन्हें आगे बढ़ने का पूरा मौका देवें।

ट्रस्ट के अध्यक्ष शंकर सेवग ने कहा कि पतंग पर जनहित के संदेशों में बाल विवाह एक अभिशाप, जल ही जीवन है, बेटी बचाओ- बेटी पढाओ, चाइनीज मांझा, प्लास्टिक बैग व तंबाकू से बचें लिखे संदेश है। इस अवसर पर चन्द्रकला सेवग, राजश्री शर्मा, राजकुमारी शर्मा, सपना शर्मा, जाहन्वी मोदी, शिवरतन सेवग, पूनम सोनी, अशोक पिलानिया, सचिन प्रजापत, तरुण भोजक, ऋतुध्वज शर्मा, सरला शर्मा, मनीष भोजक उपस्थित थे।

**नगर स्थापना दिवस घर-घर दीप जलाएं :** विधायक सेवा केन्द्र के नगर



**बीकानेर नगर के 537 वें स्थापना दिवस पर नरसिंग दास जीवणी देवी सेवग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संदेश व स्लोगन लिखी पतंगों का वितरण किया।**

स्थापना दिवस समारोह की श्रंखला में बुधवार को शहरी परकोटा हजारों दीपों की रोशनी से रोशन होगा। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने अधिक से अधिक शहर वासियों से इसमें भागीदारी का आव्हान किया है। उन्होंने कहा है कि नगर स्थापना दिवस को ऐतिहासिक तरीके से मनाएं। इसके मद्देनजर नगर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर प्रत्येक घर की चौखट पर कम से कम पांच दीपक जलाते हुए राव बीका को वंदन करें।

विधायक ने बताया कि इस दौरान शहरी क्षेत्र में ग्यारह स्थानों पर दीप प्रज्वलित करते हुए सामूहिक रूप से नगर स्थापना दिवस मनाया जायेगा। इसके लिए आचार्य चौक, बारह गुवाड़, हर्षों का चौक, नत्थूसर गेट सहित अन्य मोहल्लों का चिन्हीकरण किया गया है। मुख्य कार्यक्रम जस्सूसर गेट के अंदर होगा। जहां कम्युनिटी वेलफेयर सोसायटी की और से बड़ी संख्या में दीप जलाए जायेंगे। यह कार्यक्रम सायं 6 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें शहर के प्रबुद्धजन भागीदारी निभायेंगे।

**चाइनीज मांझे का बहिष्कार :** चाइनीज मांझे के बहिष्कार के प्रति लोगों में चेतना लाने तथा जागरूकता के उद्देश्य से एक रुपया रोज सेवा संस्थान ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। इसको लेकर चाइनीज मांझे का बहिष्कार करें नामक बैनर का विमोचन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष सिकन्दर राठौड़ ने कहा कि चाइनीज मांझा बेजुबान पक्षियों तथा इंसान दोनों के लिए जानलेवा है। इससे कई दुर्घटना हो चुकी है। इसलिए इसका संपूर्ण बहिष्कार करें। वहां उपस्थित सभी ने चाइनीज मांजे का बहिष्कार करने तथा दूसरों को भी इसका बहिष्कार करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। संस्था के मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टर विमोचन के मौके पर अंजुमन आरा कादरी, चंचल सेन, मंजूलता रावत, सरस्वती भार्गव मौजूद थे।

- **बीकानेर स्थापना दिवस व आखातीज पर संदेश लिखी पतंगें उड़ाकर लोगों को जागयक करेंगे**
- **चाइनीज मांजे का बहिष्कार करने तथा दूसरों को भी इसका बहिष्कार करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली**

## 'जिले में बेहतर तरीके से स्काउटिंग संचालित होगी'

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय स्काउट व कब यूनिट लीडर बेसिक कोर्स शिविर के पांचवें दिन लीडर ट्रेनर एवं कब विभाग के शिविर संचालक रामावतार सबलानिया ने संभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि झुंझुनूं जिले में स्काउट गाइड के अंतर्गत नए स्कूलों को पंजीकृत कर उनमें गतिविधियों का प्रभावी संचालन किया जाएगा।

सबलानिया ने प्रशिक्षण ले रहे शिविरार्थियों को कहा कि उन्हें देश एवं समाज निर्माण में अपना योगदान देने के लिए रचनात्मक कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए और अपने विद्यालय में स्काउट गाइड संगठन की गतिविधियों नो बैग डे के दिन प्रभावी संचालन करें।

इस अवसर पर सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि शिविरार्थियों को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, ध्वज शिष्टाचार, कब के गीत, विशाल गर्जना, मोगली की कहानी, सिक्स सिस्टम, मार्च पास्ट सहित विभिन्न उपयोगी जानकारी देकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीओ कालावत के अनुसार प्रशिक्षण टीम में लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया, शिवप्रसाद वर्मा, मूलचंद मूंड, मनोहरलाल रणवां, रामाकिशन सैनी, निरंजनलाल शर्मा, मक्खनलाल सैनी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सार-समाचार

### शिव पूजा विधि का प्रशिक्षण शिविर



**रूद्राष्टाध्यायी व शिव पूजा विधि का प्रशिक्षण शिविर के बैनर का विमोचन पंडित बाबूलाल शास्त्री ने किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। बच्चों व युवाओं में लगातार बढ़ रहे सोशल मीडिया के उपयोग तथा सनातन संस्कृति के प्रति बढ़ती दूरी को देखते हुए पं बाबूलाल शास्त्री ज्योतिष बोध संस्थान की ओर से 40 दिवसीय रूद्राष्टाध्यायी व शिव पूजा विधि का प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। पं बाबूलाल शास्त्री ज्योतिष बोध संस्थान की ओर से लगाये जा रहे प्रशिक्षण शिविर के बैनर का विमोचन मंगलवार को डूडी पेट्रोल पंप के पास स्थित गंगा जुबली पिंजरा प्रोल गौशाला में समाजसेवी देवकिशन चांडक देवश्री, विनोद गोयल, नंदकिशोर चांडक व मगन चांडक के कर कमलों से किया गया। इस मौके पर देवकिशन चांडक ने कहा कि आज जहां सोशल मीडिया ने हमारी संस्कृति की ओर से युवाओं व बच्चों का ध्यान हटा दिया है। विनोद गोयल ने कहा कि आज की पीढ़ी रूद्राष्टाध्यायी एवं वैदिक शिव पूजा विधि के अध्ययन से दूर होती जा रही है। इस प्रकार के शिविरों में सनातन संस्कृति का करीब से जानने का मौका मिलेगा। शिविर संयोजक पं राजेन्द्र किराडू ने बताया कि 16 मई से 23 जून तक किराडूओं की गली स्थित रघुनाथ मंदिर में सायं 6.30 बजे से आठ बजे तक लगने वाले इस शिविर में पं प्रहलाद व्यास द्वारा रूद्राष्टाध्यायी एवं वैदिक शिव पूजा विधि की शिक्षा दी जायेगी। किराडू ने बताया कि प्रतिदिन प्रतिष्ठित विद्वान, साधू-संत व विषय विशेषज्ञों के प्रवचन भी होंगे।

### कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम



**सीए जसवंत सिंह बैद ने कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी दी।**

**बीकानेर,** (कासं)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बीकानेर ब्रांच के अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद ने बताया कि आज जैन पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्रों को सीए कोर्स में प्रवेश से लेकर सीए डिग्री प्राप्त तक की प्रक्रिया को समझाया गया। आने वाले समय में देश व विदेश की अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक सीए की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ब्रांच सिकासा सीए राहुल पच्चीसिया व भूतपूर्व ब्रांच अध्यक्ष सीए मानकचंद कोचर भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सीए जसवंत सिंह बैद द्वारा स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया व सभी स्टाफगण का धन्यवाद ज्ञापित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य व समस्त पदाधिकारियों द्वारा सीए जसवंत सिंह बैद व सीए राहुल पच्चीसिया का भी सम्मान किया गया।

### तुलसीराम सचिव बने

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ एकीकृत की उप विभागीय समिति स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर के अध्यक्ष इन्द्र कुमार जोशी ने समिति के विभिन्न पदों पर मनोनयन किया है। अध्यक्ष जोशी ने शेर सिंह पंवार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को मुख्य सलाहकार, अजीत सिंह चौहान सहायक प्रशासनिक अधिकारी को उपाध्यक्ष, तुलसीराम पडिहार अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को सचिव, सुरेन्द्र कुमार दवे सहायक प्रशासनिक अधिकारी को संयुक्त सचिव, सुनील कुमार बाली को सहायक प्रशासनिक अधिकारी को कोषाध्यक्ष, बलवीर कुमार मुद्गल सहायक प्रशासनिक अधिकारी को सांस्क्रतिक मंत्री, दीपक जोशी वरिष्ठ सहायक को मीडिया प्रकोष्ठ मंत्री, अरविंद यादव वरिष्ठ सहायक को खेल मंत्री, हनुमान चौधरी वरिष्ठ सहायक को संगठन मंत्री व सोनम सिंह कनिष्ठ सहायक को प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया है।

### परिंडे लगाने का संकल्प लिया

**चूरू,** (कासं)। रॉयल विकलांग विकास संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर खान रूकनखानी ने भीषण गर्मी एवं पेयजल की समस्या को देखते हुए शहर में सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने का संकल्प लिया है। इसी कड़ी में आज मदरसा इंदिरा मेमोरियल पब्लिक स्कूल में परिंडे लगाने का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे व प्रधानाध्यापिका सबीना बानो, शिक्षा अनुदेशक असलम खान, शिक्षा अनुदेशक जान मोहम्मद, शिक्षा अनुदेशिका अल्लादेई, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव हाजी युसूफ खान रूकनखानी, अध्यक्ष समाजसेवी डॉ युनस खान रूकनखानी, जिया खान आदि मौजूद थे।

# अतिक्रमण हटाया तो चाकू से हाथ की नसें काटने की धमकी

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। अतिक्रमण हटाया तो दुकानदार ने चाकू से हाथ की नसें काटने की धमकी दी।

कस्बे के मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई जारी रही। पुराने बस स्टैंड पर अतिक्रमण हटाने के बाद फिर से उसी स्थान पर ठेले व गाड़े लगाने की सूचना मिलने पर नगर पालिका सफाई निरीक्षक कमल चावरिया सहित अतिक्रमण रोधी दस्ता पुलिस जाब्ते के साथ बाजार पहुंचा। अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कार्रवाई करते हुए ठेलों को जब्त किया। दुकानों के आगे सड़क पर लगा रखी टेबल-कुर्सियों को भी जब्त करने की कार्रवाई की। इस दौरान बाजार में लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई।

पालिका की अतिक्रमण रोधी कार्रवाई के दौरान माहौल तब गरमा गया, जब एक दुकानदार ने कार्रवाई के दौरान चाकू निकाल कर हाथ की नसें काटने की धमकी दे डाली। जानकारी के अनुसार पालिका का अतिक्रमण रोधी दस्ता गांधी पार्क के पास दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सहित अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कर रहा था। इस दौरान यहां मिठाई, ज्यूस की दुकान करने वाले एक दुकानदार ने आवेश में आकर फल काटने वाला बड़ा चाकू निकाल कर हाथ की नसें काटने की धमकी दे डाली।

- **पालिका की अतिक्रमण रोधी कार्रवाई के दौरान दुकानदार ने हाथ की नसें काटने की धमकी दी**

इस दौरान हुए हंगामे से एकबारगी गहमागहमी का माहौल बन गया और मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। स्थानीय लोगों और अतिक्रमण रोधी दस्ते की समझाइश के बाद मामला शांत हुआ। सफाई निरीक्षक चांवरिया ने बताया कि दुकानदार ने दुकान से बाहर तीन फीट से अधिक सड़क अतिक्रमण कर रखा है। उसे तीन दिन पूर्व भी अतिक्रमण हटा लेने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन उसने अतिक्रमण नहीं हटाया। अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई करने पहुंचे थे। अब दुकानदार को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए फिर से एक दिन का समय दिया गया है।

इस हंगामे के बाद गांधी पार्क, सिंधी कटले के आसपास के व्यापारियों ने अतिक्रमण रोधी दस्ते पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दुकानें बंद कर आंदोलन की चेतावनी दी। जानकारी के अनुसार यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुराने बस स्टैंड, गांधी पार्क के पास व एसबीआई रोड पर हो रखे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

**बदबूदार पानी से बीमार :** बीकानेर के वार्ड तीन में लम्बे समय से हो रही गंदे व प्रदूषित पेयजल की आपूर्ति से लोग बीमार पड़ रहे है। इसकी शिकायत करने के बावजूद सुध नहीं ली गई। जिससे वार्ड में उल्टी व दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक वार्ड तीन सुजानदेसर में गंदे, बदबूदार व प्रदूषित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़ रहे है।

## निरीक्षण में पाई कमियां

**बीकानेर,** (कासं)। जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) तथा आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक सुशील शर्मा ने मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जांगलू एवं ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय, पांचू का औचक निरीक्षण किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जांगलू में जन्म और मृत्यु के रजिस्टरों का संधारण किया जाना नहीं पाया गया। पंजीकृत प्रमाण पत्रों पर लम्बित ई-साइन के 166 प्रकरण पाए गए। संबंधित अधिकारी को इनके तत्काल निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पहचान पोर्टल पर जन्म, मृत्यु पंजीकरण राजस्थान लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सूचीबद्ध है, जिनका 7 दिवस में प्रमाण पत्र जारी किया जाना अत्यावश्यक है।

ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय, पांचू में नाकारा एवं अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण, मूवमेंट रजिस्टर का संधारण, जन आधार हैल्पडेस्क को नियमित रखने के संबंध में तथा पहचान पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी पांचू संदीप कुमार मौजूद थे।

# लू से बचाव के लिए बच्चों ने लिखी पाती

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले में तेज गर्मी और लू की प्रबल संभावनाएं है। इसलिए आप घर से जरूरी कार्य होने पर ही बाहर जाए। पानी पीते रहें, सिर पर टोपी या कपड़ा जरूर रखें। हल्के कपड़े पहनें। साथ ही मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए घर और आसपास में मच्छर नहीं पनपने दें।

कुछ ऐसे ही शब्दों के जरिए जिले के हजारों विद्यार्थियों ने अपने भाव कागज पर उकेरे और माता-पिता और आमजन को लू से बचाव की सावधानियां बरतने के लिए अपील की। जिला कलेक्टर कानाराम की पहल पर जिले के सभी विद्यालयों में हीट वेव पाती लिखी गई। सुबह 9 बजे विद्यार्थियों ने परीक्षा की तरह बैठकर पाती लिखी। विद्यालय प्रबंधन ने भी बच्चों के प्रयासों को सराहते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही लू और मौसमी बीमारियों से बचाव और सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव में भी 81 हजार बच्चों ने वोट पाती लिखकर मतदान के लिए अपील की थी। यह प्रयास वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है। जिला कलेक्टर कानाराम ने बताया कि बच्चों ने पाती लिखते हुए बड़ा संदेश दिया है। हमें जागरूक नागरिक होने के नाते लू और मौसमी बीमारियों से स्वयं का और परिवार का बचाव करना होगा। इनमें बचाव ही उपचार है। उन्होंने कहा कि बचाव में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों की पालना करनी चाहिए।

- **कलेक्टर की पहल पर जिले के सभी विद्यालयों में हीट वेव पाती लिखी गई**

विश्व अस्थमा दिवस पर मंडल रेल अस्पताल लालगढ़ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रमिन्दर कौर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अस्थमा कैसे होता है, बचाव के लिए क्या करना चाहिए इस बारे में मौजदू रोगियों व परिजनों को डॉ. योगेश मीणा ने विस्तार से जानकारी दी।

# 10 छात्रों का इसरो भ्रमण के लिए चयन

**सीकर,** (निसं.)। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार, कैम्प नास्टा व राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, निस्पर नई दिल्ली द्वारा पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस लोटस वैली में रोबोटिक एंड एआई लेबोरेट्री लैब का शुभारंभ हुआ।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कैम्प के परियोजना निदेशक आशीष मित्तल, अधिकारी मोहित कुमार, अनूप कुमार एवं आरिका माथुर रहे। रोबोटिक एंड एआई लेबोरेट्री लैब के माध्यम से प्रिंस के विद्यार्थी वैज्ञानिक गतिविधियां सीखेंगे तथा सीएसआईआर की देशभर की 37 प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक सोच एवं क्षमता को विकसित करेंगे। सीएसआईआर द्वारा देशभर की स्कूलों के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच एवं समझ की जांच हेतु आयोजित वैज्ञानिक स्वभाव एवं योग्यता के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन परीक्षा, कैम्प-नास्टा में शानदार प्रदर्शन के आधार प्रिंस एजुहब के 10 विद्यार्थियों को इसरो भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है। कैम्प पदाधिकारियों ने चयनित विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल, सर्टिफिकेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक के दो टुकड़े हो गए।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह हादसा श्रीडूंगरगढ़ थानान्तर्गत हेमासर ताल के नजदीक हुआ। बताया जा रहा है कि ट्रेन सवारी गाड़ी नहीं थी। युवक ईसीआर ट्रेन की चपेट में आया था। हाल फिलहाल इसकी मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि मृतक का मोबाइल फोन लगातार बज रहा था। हादसा इतना वीभत्स था कि युवक के दो टुकड़े हो गए।

# स्कूलों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने शिक्षा मंत्री द्वारा विद्यालयों में मोबाइल फोन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्णय का स्वागत किया है।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग और महामंत्री उपेन्द्र शर्मा ने संयुक्त बयान जारी कर शिक्षा मंत्री की इस गलत बयानी पर सख्त ऐतराज़ व्यक्त किया है कि शिक्षक विद्यालयों में शेयर मार्केट देखते रहते हैं। वास्तव में मोबाइल थोपे गए गैर शैक्षिक कार्यों का वाहक बना हुआ है। गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति अभियान के क्रम में पहले ही राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने निर्णय कर लिया था और इसका सार्वजनिक ऐलान भी कर दिया है कि 1 जुलाई से राजस्थान के शिक्षक विद्यालयों में एंड्रॉयड फोन का इस्तेमाल नहीं करेंगे।

- **एक जुलाई से शिक्षक, स्कूलों में सिर्फ. कीपैड फोन ही रखेंगे, एंड्रॉयड फोन लेकर ही नहीं जायेंगे**

प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित ने कहा कि शिक्षामंत्री मदन दिलावर द्वारा विद्यालयों में मोबाइल प्रतिबंध करने के ऐलान से शिक्षक संघ (शेखावत) द्वारा जारी गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्ति आन्दोलन को बल मिलेगा। साथ ही शिक्षामंत्री द्वारा यह संगठन की मांग के औचित्य को स्वीकार करना भी है, जो स्वागत योग्य है।

जिलाध्यक्ष आदूराम मेघवाल ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने राज्य भर के शिक्षकों से अपील की है कि संगठन के आव्हान की पालना सुनिश्चित करें और 1 जुलाई, से विद्यालयों में एंड्रॉयड फोन के उपयोग को बंद कर दें।

# निशानेबाजी व फुटबॉल में बीकानेर का इतिहास समृद्धशाली रहा है : एस. एल. हर्ष

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर नगर के 537वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और राव बीकाजी संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के तहत मंगलवार को नरेन्द्र सिंह ऑडोटोरियम में 'बीकानेर का खेल परिदृश्य : अतीत से वर्तमान तक' विषय पर खेल संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राव बीकाजी संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गिरिजा शंकर शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी के अध्यक्ष एस. एल. हर्ष ने कहा कि खेलों में बीकानेर का इतिहास समृद्धशाली रहा है। डॉ. करणी सिंह ने अपने सटीक निशानों, मगन सिंह राजवी ने फुटबॉल में अपने पैरों का जादू चलाते हुए विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन किया। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि साइक्लिंग कोच ललित छंगाणी ने कहा कि फुटबॉल हो या निशानेबाजी, शतरंज हो या साइक्लिंग, वॉलीबाल हो या बॉस्केटबॉल, हॉकी, कुश्ती,



**'बीकानेर का खेल परिदृश्यः अतीत से वर्तमान तक' विषय पर खेल संगोष्ठी को एस. एल. हर्ष ने संबोधित किया।**

पहलवानी, तीरंदाजी, बैडमिंटन, टेबलटेनिस में यहां के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी इसे आगे बढ़ा रही है, यह गर्व का विषय है।

भारतीय जिम्नास्टिक संघ के कोषाध्यक्ष सुधीश शर्मा ने बीकानेर के खेल परिदृश्य पर बात रखते हुए कहा कि आज इस शहर के युवा खिलाड़ी विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ रहे हैं। वे शहर के खेलों को और नई ऊंचाईयों पर ले जायेगा। संगोष्ठी प्रभारी आत्माराम भाटी के अनुसार संगोष्ठी में भरत पुरोहित ने बीकानेर में आजादी पूर्व से लेकर अभी तक की फुटबॉल उपलब्धियों, रामनाथ आचार्य ने साइक्लिंग, अनिल बोड़ा ने शतरंज, गिरिराज जोशी ने तैराकी, योगेन्द्र खत्री ने स्केटिंग, हेमंत मोदी ने बॉस्केटबॉल, हितेन्द्र मारू ने नेटबॉल, हेमंत मोदी ने बैडमिंटन, विजय ठोलिया, माणक व्यास ने शारीरिक शिक्षा व मनीष जोशी ने राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धियों से सभी को रूबरू करवाया। सह प्रभारी मोहम्मद फारूख, कोषाध्यक्ष रामलाल सोलंकी, कमल रंगा, राजेन्द्र जोशी, नंद किशोर सोलंकी, अभिषेक आचार्य ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

- **खेलों में बीकानेर के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर नाम रोशन किया**

# बाल विवाह से होने वाले नुकसान की जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। बंगला नगर स्थित बर्लिन इंग्लिश एकेडमी विद्यालय में आज 'बाल विवाह एक अपराध' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंगला नगर की मुख्य गलियों में जागरूकता रैली निकाल कर बाल विवाह रोकने का आव्हान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सीमा जैन, अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर, महाराजा गंगासिंह विश्वव्रिालय, बीकानेर, कविता सोलंकी, वार्ड प्रतिनिधि एवं राजू कड़वा, निदेशक, आर. के. कलासेज उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सीमा जैन द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए बताया की किस प्रकार एक बाल विवाह नासमझ लड़के एवं लड़की के भविष्य को बर्बाद कर देता है।

समाज की इस कुरीति को खत्म करने के लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इसी संदर्भ में वार्ड प्रतिनिधि सोलंकी ने भी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से भी निवेदन किया कि वे समाज में सभी को जागरूक करें तथा ना तो वे स्वयं अपने बच्चों का एवं ना ही दूसरें बच्चों का विवाह करने में सहयोग करें एवं बाल विवाह को रोकने हेतु भरसक प्रयास करें।




**'बाल विवाह एक अपराध' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने पोस्टर के जरिये जागरूक किया।**

राजू कड़वा ने बाल-विवाह को रोकने हेतु एवं इसकी समाज पर पड़ने वाले प्रभावों को बताते हुए कहा कि बाल-विवाह एक लड़के एवं लड़की को आगे बढ़ने से ही रोक देता है जिससे वे अपने भविष्य को कभी संवार नहीं पाते हैं। संस्था प्राचार्य माधवी पालीवाल ने स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये बाल विवाह एक अभिशाप विषय के पोस्टर का विमोचन मुख्य अतिथि महोदय से करवाया।

